रखलो रखलो श्याम सलोने हमको सेवादार भजन लिरिक्स

रखलो रखलो श्याम सलोने,
हमको सेवादार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

तर्ज – प्यार हमारा अमर रहेगा।

चाहूँ ना मैं महल दो मेहले,
ना चाहूँ सारे जग की दौलत,
तेरे सेवक की लाज रहे बस,
इतनी सी है अपनी चाहत,
तेरे आगे सर को झुकाऊं,
ऐ मेरे सरकार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

इस सेवक को सेवा देकर,
बाबा थोड़ा मान बढ़ा दो,
तुम हो मेरे मालिक बाबा,
सारी दुनिया को बतला दो,
तेरी रजा में राज़ी रहेंगे,
करेंगे ना तकरार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

तेरे सेवक को तेरी कृपा से,
हर पल बाबा हँसते देखा,
कैसी भी कोई विपदा हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उसका काम ना रुकते देखा,
हम पे भी ऐ श्याम लुटा दो,
बस थोड़ा सा प्यार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

जन्मों जनम की सेवा देकर,
दु:ख संताप मिटा दो बाबा,
'रोमी' है श्री श्याम का चाकर,
ऐसी छाप लगा दो बाबा,
जन्म जन्म तक हम तो करेंगे,
तेरी जय जयकार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

रखलो रखलो श्याम सलोने,
हमको सेवादार,
सेवा में तेरी लगा रहेगा,
मेरा ये परिवार,
श्याम मेरे श्याम,
रखलो रखलो श्याम सलोनें,
हमको सेवादार।bd।

Singer – Toshi Kaur

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com